बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड
Bihar Board Of Open Schooling & Examination
शिक्षा विभाग, बिहार का स्वायत्त संस्थान
An Autonomous Organisation of Department of Education, Govt of Bihar
चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय परिसर, न्याय नगर, मीठापुर, पटना –800001
Chanakya National Law University Campus, Nyaya Nagar, Mithapur, Patna-800001
Website: www.bbose.org Phone No: 0612-2355563
Email ID:info@bbose.org Fax No : 0612-2355662

टी.ओ.सी. के अन्तर्गत प्रविष्ट शिक्षार्थियों के लिए परीक्षा संबंधी सूचना

वज्ञापन संख्या– 12

01 सितम्बर, 2014 से प्रभावी, ट्रान्सफर ऑफ क्रेडिट(TOC) से संबंधित प्रावधान के अन्तर्गत 01 मार्च, 2014 से 31 अगस्त, 2014 तक, माध्यमिक/उच्च माध्यमिक पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट शिक्षार्थीगण 02 दिसम्बर, 2014 से आयोजित होने वाली परीक्षा में बैठ सकते हैं।

इनके अतिरिक्त, वैसे शिक्षार्थी भी, जो किसी अन्य बोर्ड से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तरीय परीक्षा में असफल हो गये हैं, 01 सितम्बर, 2014 से प्रारंभ होनेवाले प्रवेश सत्र में, निर्धारित शुल्क सहित पंजीयन आवेदन पत्र भरकर, साथ ही साथ, परीक्षा फार्म विहित परीक्षा शुल्क सहित भरकर 02 दिसम्बर, 2014 से आयोजित होनेवाली परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

विहित प्रपत्र में भरे हुए नामांकन/पंजीयन आवेदन पत्र एवं परीक्षा प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर, 2014 है, जिसे किसी भी परिस्थिति में विस्तारित नहीं किया जाएगा। ये सारे प्रपत्र अध्ययन केन्द्रों पर निर्धारित तिथि अर्थात् 17 अक्टूबर, 2014 तक जमा कर देना होगा। समन्वयकों से अनुरोध है कि वे इन प्रपत्रों को, बोर्ड कार्यालय में 20 अक्टूबर तक अवश्य ही उपलब्ध करा दें। इसके पश्चात् पंजीयन/परीक्षा प्रपत्र/बैंक ड्राफ्ट बोर्ड कार्यालय में नहीं लिए जायेंगे।

➢ **TOC के अंतर्गत नामांकन/पंजीयन एवं परीक्षा शुल्क का विवरण अधोलिखित है–**

क्र.सं.	विवरण	माध्यमिक	उच्च माध्यमिक
01	अंक स्थानांतरण (दो विषयों के लिए) 50/–रू0 प्रति विषय (दो विषयों के लिए)	100/–	100/–
02	पंजीयन शुल्क	200/–	200/–
03	तीन विषयों में नामांकन शुल्क माध्यमिक हेतु 140/–रू0 प्रति विषय एवं उच्च माध्यमिक हेतु 170/– रू0 प्रति विषय	420/–	510/–
04	प्रायोगिक परीक्षा शुल्क 30/–रू0 प्रति विषय	30/–रू0 प्रति विषय	30/–रू0 प्रति विषय
05	अग्रेसन शुल्क	25/–रू0	25/–रू0
06	पहचान पत्र शुल्क	10/–रू0	10/–रू0
07	परीक्षा शुल्क– सैद्धांतिक विषय प्रायोगिक विषय शुल्क	 150/–रू0 प्रति विषय 70/–रू0 प्रति विषय	 150/–रू0 प्रति विषय 70/–रू0 प्रति विषय

(i) शिक्षार्थी को दो विषयों में उत्तीर्ण रहना आवश्यक है जिनके लब्धांकों को ही क्रेडिट के रूप में संधारित किया जायेगा।

(ii) शिक्षार्थी द्वारा पूर्व में लिए गए विषयों को, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के संबंधित पाठ्यक्रम में भी रहना चाहिए।

(iii) संबंधित शिक्षार्थी को जिस बोर्ड की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हैं, उसका मूल लब्धांक पत्र (Marksheet), पंजीयन/परीक्षा प्रपत्र भरने के साथ जमा करना होगा।

(iv) TOC के अन्तर्गत, जमा किए गए मूल लब्धांक पत्र के सत्यापन हेतु संबंधित बोर्ड द्वारा निर्धारित शुल्क, शिक्षार्थी द्वारा परीक्षाफल प्रकाशन के पूर्व बोर्ड में जमा कराना आवश्यक है।

(अंगराज मोहन)
मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी